>

Title: Need to include unaided schools of Uttar Pradesh in National Literacy Mission.

**श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा):** महोदय, देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा अभियान के तहत भारत सरकार के गाइड लाइन में वित्त विहीन विद्यालयों को अनुदान देने एवं इस योजना में सम्मिलित करने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माध्यमिक वित्त विहीन विद्यालयों को इस योजना में शामिल नहीं किया जा रहा है, बल्कि प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों को उच्चीकृत करने का प्रस्ताव कर रही है। जब तक वित्त विहीन विद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा अभियान में शामिल नहीं किया जाता, तब तक भारत सरकार का मकसद समग्र शिक्षा विकास संभव नहीं हो सकता।

अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इस संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाए।